NSW सैक्शन 100 सह-भुगतान कार्यक्रम

रोगियों के लिए जानकारी

NSW Section 100 Co-payment Program - Information for patients Hindi

NSW Health पात्र NSW निवासियों के लिए कुछ s100 दवाओं के लिए **फार्मास्युटिकल बेनिफिट स्कीम (PBS)** का सह-भुगतान करता है। इससे कैंसर और अन्य स्थायी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए दवाओं की लागत कम करने में मदद मिलती है। PBS सह-भुगतान वह राशि है जिसका भुगतान आप आमतौर पर अपनी PBS सब्सिडी प्राप्त दवा की लागत के लिए करते/ती हैं।

कौन सी दवाईयाँ कार्यक्रम के तहत आती हैं?

NSW Section 100 Co-payment Program निम्नलिखित PBS दवाईयों पर लागू होता है:

- s100 दवाईयाँ s100 अत्यधिक विशेषज्ञ दवा कार्यक्रम (सरकारी अस्पताल और सामुदायिक पहुँच) शेड्यूल
- कीमोथेरपी (सरकारी अस्पताल) शेड्यूल के लिए s100 कुशल फंडिंग के अधीन आने वाली इंजेक्टेबल और इन्फ्यूसिबल कीमोथेरपी दवाएं
- कार्यक्रम गैर-सरकारी अस्पताल प्रदाताओं द्वारा प्रिस्क्राइब s100 दवाईयों पर या ओपिओइड निर्भरता उपचार के लिए s100 दवाईयों पर लागू नहीं होता है।

क्या मैं पात्र हूँ?

यह देखने के लिए नीचे दिया गया मानदण्ड देखें कि क्या आप NSW Health द्वारा s100 दवाईयों के लिए आपका सह-भुगतान किए जाने के पात्र हैं?

पात्रता मानदण्ड

NSW के निवासी जो निम्नलिखित स्थानों में रोगी हैं?

- NSW के सरकारी अस्पताल; या
- NSW में प्राधिकृत कम्युनिटी प्रिस्क्राइबर्स (HIV और हेपेटाइटिस B, दवाओं और clozapine रखरखाव चिकित्सा के लिए); या
- उस दूसर राज्य के विशेषज्ञ/प्रिस्क्राइबर हैं जहाँ किसी सीमा क्षेत्र में NSW का निवासी रहता है

निम्नलिखित के लिए National Health Act 1953की धारा 100 के अधीन सूचीबद्ध प्रिस्क्राइब की गई दवाईयाँ:

- s100 अत्यधिक विशेषज्ञ दवा (सरकारी अस्पताल), या
- s100 अत्यधिक विशेषज्ञ दवा – कम्युनिटी पहुँच (केवल HIV और हेपेटाइटिस B, और clozapine रखरखाव चिकित्सा दवाओं के लिए)
- s100 इंजेक्टेबल और इन्फ्यूसिबल कीमोथेरपी दवाएं।

प्रिस्क्रिप्शन में लिखी दवाई NSW में निम्न स्थानों पर दी जाती है:

- सरकारी अस्पताल; या
- कम्युनिटी फॉर्मेसियाँ; या
- NSW के सरकारी अस्पताल की ऑनकोलॉजी सेवाओं द्वारा प्रयोग की जाने वाली फॉर्मेसियाँ

यदि आपको पक्का पता नहीं है कि आप क्या पात्र हैं, तो अपने डॉक्टर या फॉर्मासिस्ट से पूछें।

मुझे सहमति फॉर्म भरने की ज़रूरत क्यों है?

NSW Health को आपका सह-भुगतान देने के लिए आपकी सहमति की आवश्यकता होती है। सहमति प्रपत्र फार्मासिस्ट को दर्शाता है कि आप पात्र हैं। सहमति प्रपत्र में दी गई जानकारी का उपयोग सह-भुगतान करने के लिए किया जाता है और इसका उपयोग कार्यक्रम का मूल्यांकन करने के लिए भी किया जा सकता है।

मैं सहमति फॉर्म कैसे भरूँ?

आप और आपका डॉक्टर रोगी सहमति फॉर्म भर सकता है, जो कि NSW Health की वेबसाइट www.health.nsw.gov.au/pharmaceutical/s100copay/Documents/copayment-consent.pdf पर उपलब्ध है।

यदि आपका सहमति फॉर्म खो जाता है, क्षतिग्रस्त हो जाता है या अपठनीय है, तो आपको अपने डॉक्टर से एक नए फॉर्म की आवश्यकता होगी। आप फॉर्म की फोटो भी खींच सकते/ती हैं और अपने मोबाइल फोन पर सेव कर सकते/ती हैं। फॉर्म पर दी गई सभी जानकारी स्पष्ट रूप से दिखाई देनी आवश्यक है।

मैं अपनी s100 दवा कैसे प्राप्त करूँ?

आपको अपनी दवा वैसे ही मिलनी चाहिए जैसे आपको सामान्य रूप से मिलती है।

s100 दवाईयाँ के सरकारी अस्पतालों की फॉर्मेसियों से उपलब्ध हैं। आप कम्युनिटी फॉर्मेसियों से भी कुछ s100 दवाईयाँ ले सकते/ती हैं।

रिपीट लेने सहित, हर बार जब आपकी प्रिस्क्रिप्शन से आपको दवा दी जाए तो फार्मासिस्ट को अपना हस्ताक्षरित सहमति फॉर्म दिखाएं।

यदि आपकी s100 दवा खत्म हो रही है, तो जितनी जल्दी संभव हो अपने सबसे नजदीकी सरकारी अस्पताल की फॉर्मेसी पर जाएँ या अपने डॉक्टर से संपर्क करें। समय रहते अपनी कम्युनिटी फॉर्मेसी को कॉल करें ताकि वे यह देख सकें कि उनके पास आपकी दवाई है या वे इसका ऑर्डर दे सकें।

यदि आपकी s100 दवा इंजेक्टेबल और इन्फ्यूसिबल कीमोथेरपी दवाएं हैं तो कृपया और अधिक जानकारी के लिए NSW Health की वेबसाइट पर जाएँ www.health.nsw.gov.au/pharmaceutical/s100copay/Pages/chemo-patients-factsheet.aspx

और अधिक जानकारी

NSW में s100 सह-भुगतान: www.health.nsw.gov.au/pharmaceutical/s100copay

NSW में ओपिओइड निर्भरता उपचार: www.health.nsw.gov.au/aod

फार्मास्युटिकल बेनिफिट स्कीम s100: https://www.pbs.gov.au/browse/section100

अत्यधिक विशेषज्ञ दवा कार्यक्रम

- सरकारी अस्पताल - https://www.pbs.gov.au/browse/section100-hb
- कम्युनिटी पहुँच - https://www.pbs.gov.au/browse/section100-ca
- सरकारी अस्पताल - https://www.pbs.gov.au/browse/section100/chemotherapy-public

अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें